हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 8 अप्रैल 2024

07 युवाओं की टीम में समाजसेवा का जज्बा ऐसा कि हर कोई...



08 शिक्षक की मौत के 9 महीने बाद भी नहीं जागा ...





**लोकसभा क्षेत्र**

**शहडोल**

**1 भाजपा प्रत्याशी**
हिमाद्री सिंह

**2 कांग्रेस प्रत्याशी**
फुंदेलाल मार्को

**पिछली बार कौन जीता**
हिमाद्री सिंह

**जीत का अंतर**
40 हजार 333

## क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा के इस चुनाव में मुद्दों के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी है। अयोध्या में राम मंदिर, धारा 370 और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता उसके ट्रंप कार्ड हैं। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं और कामों को भी गिना रही है। कांग्रेस में भगदड़ भी उसका एक मुद्दा है। इसके विपरीत कांग्रेस के फुंदेलाल क्षेत्र में सांसद हिमाद्री की निष्क्रियता को मुद्दा बना रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस ने घोषणा-पत्र में अपने मुद्दे गिना दिए हैं। पांच न्याय के साथ कांग्रेस ने 24 गारंटियों की बात की है। वह किसान कर्जमाफी को भी मुद्दा बना रही है और एमएसपी को भी। भाजपा और कांग्रेस का प्रचार जोर पकड़ता दिख रहा है।

### कोरोना काल में जनता के बीच नहीं दिखी थीं हिमाद्री, कांग्रेस के फुंदेलाल का पुष्पराजगढ़ में ज्यादा असर

# भाजपा प्रत्याशी से नाराजगी, मुकाबले में रहने की कोशिश में कांग्रेस

*विंध्य अंचल की शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सांसद और भाजपा प्रत्याशी हिमाद्री सिंह से क्षेत्र के लोगों में कुछ नाराजगी है, क्योंकि वह कोरोना कॉल में लोगों के साथ खड़ी नहीं दिखाई पड़ी। दूसरी वजह पति और भाजपा नेता नरेंद्र सिंह मरावी के साथ चल रही उनकी अनबन भी है। खबर है कि पति और पत्नी साथ नहीं रह रहे हैं। बावजूद इसके भाजपा की स्थिति मजबूत है। कांग्रेस के फुंदेलाल मार्को विपरीत परिस्थिति में भी विधानसभा चुनाव जीतते रहे हैं। वे क्षेत्र का जाना-माना चेहरा हैं, लेकिन उनका असर उनके विधानसभा क्षेत्र पुष्पराजगढ़ में ही ज्यादा है। हालांकि आदवासियों के एक वर्ग में उनकी अच्छी पकड़ बताई जाती है। इसकी बदौलत वे मुकाबले में बने रहने की कोशिश कर रहे हैं।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶भोपाल

शहडोल की सांसद हिमाद्री सिंह चुनाव भले भाजपा की टिकट पर लड़ रही हैं, लेकिन उनकी राजनीतिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी है। उनके पिता दलबीर सिंह क्षेत्र के सांसद के साथ कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे हैं। हिमाद्री की मां राजेश नंदिनी सिंह भी कांग्रेस से सांसद रही हैं। दलबीर सिंह के निधन के बाद राजेश नंदिनी सिंह ने पति की राजनीतिक विरासत संभाली और राजेश नंदिनी सिंह के निधन के बाद हिमाद्री चुनाव मैदान में उतरीं। हिमाद्री 2016 के उप चुनाव में कांग्रेस की ओर से पहली बार मैदान में



हिमाद्री सिंह



फुंदेलाल मार्को

उतरी और भाजपा के ज्ञान सिंह से 60 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से पराजित हो गईं। नतीजा, अगले लोकसभा चुनाव 2019 से पहले उन्होंने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा ने उन्हें टिकट दिया और वे कांग्रेस की प्रमिला सिंह को रिकार्ड 4 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर हरा कर जीत गईं। खास बात यह भी है कि हिमाद्री ने कांग्रेस में रहते भाजपा नेता नरेंद्र सिंह मरावी के साथ शादी की थी, जबकि नरेंद्र सिंह 2009 में उनकी मां राजेश नंदिनी सिंह के खिलाफ ही लोकसभा चुनाव लड़े थे और 13 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से हार गए थे। हिमाद्री 4 लाख से ज्यादा वोटों के रिकार्ड अंतर से चुनाव जीती थीं। हालांकि कोरोना कॉल में वे क्षेत्र के लोगों के साथ खड़ी दिखाई नहीं पड़ीं। इसकी वजह से लोगों में उनके प्रति नाराजगी है। दूसरा, हिमाद्री के पति नरेंद्र सिंह मरावी भाजपा के बड़े नेता हैं। वे भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष रहे हैं। हिमाद्री अपने पति से अलग रह रही है। इसकी वजह से भी कुछ लोग नाराज बताए जाते हैं। इसका तात्पर्य यह भी नहीं कि भाजपा की हालत ठीक नहीं है। शहडोल में देश की हवा का असर है और यहां एक बार फिर भाजपा की स्थिति मजबूत दिख रही है। कांग्रेस के फुंदेलाल भी क्षेत्र के मजबूत नेताओं में से एक हैं। भाजपा की लहर में भी वे विधानसभा चुनाव नहीं हारे।

### विस में भाजपा ने जीतीं 8 में से 7 सीटें

विधानसभा की ताकत के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी है। पार्टी ने 8 में से 7 सीटें जीत रखी हैं। इसके विपरीत कांग्रेस को सिर्फ एक सीट पर संतोष करना पड़ा है। यह सीट भी कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल की पुष्पराजगढ़ है। वे यहां से लगातार तीसरी बार चुनाव जीते हैं। हालांकि इस बार उनकी जीत का अंतर बहुत घट गया। फुंदेलाल 2013 में 35 हजार 643 और 2018 में 21 हजार 201 वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे, लेकिन चार माह पहले 2023 के चुनाव में वे 4 हजार 486 वोटों से ही जीत सके। 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस बराबरी पर थे। दोनों ने 4-4 विधानसभा सीटों में जीत दर्ज की थी, लेकिन इस बार भाजपा ने 7 सीटें जीतीं और जीत का अंतर भी कुल मिलाकर 2 लाख 12 हजार 835 वोट का है। इस अंतर को पाटना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।

### शहडोल में आधे से ज्यादा मतदाता आदिवासी

शहडोल लोकसभा सीट आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है। क्षेत्र में आदिवासियों के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी आधे से ज्यादा है। 2011 की जनगणना के मुताबिक शहडोल क्षेत्र के तहत 44.76 फीसदी आबादी आदिवासी वर्ग की है। इसके साथ क्षेत्र में 9.35 फीसदी आबादी अनुसूचित जाति वर्ग की है। इन दोनों वर्गों के मतदाता भाजपा-कांग्रेस में बंटते हैं, लेकिन ज्यादा भाजपा के पक्ष में ही जाते हैं। आदिवासी वर्ग का कुछ वोट गोंगपा भी ले जाती है। इसके बाद क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद 30 फीसदी के आसपास है। यह वर्ग ज्यादा तादाद में भाजपा के पक्ष में ही जाता है। कांग्रेस को पिछड़ों के साथ कुछ सवर्णों का वोट मिलता है।

### चार जिलों में फैला है शहडोल लोकसभा क्षेत्र

शहडोल की गिनती विंध्य अंचल में होती है, लेकिन इसका भौगोलिक क्षेत्र महाकौशल तक जाता है। लोकसभा क्षेत्र चार जिलों शहडोल, अनूपपुर, उमरिया और कटनी तक फैला है। इसके तहत शहडोल जिले की दो विधानसभा सीटें जयसिंहनगर और जैतपुर, अनूपपुर जिले की तीन अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ और कोतमा, उमरिया जिले की दो बांधवगढ़, मानपुर और कटनी जिले की एक विधानसभा सीट बड़वारा आती है। इनमें से एक पुष्पराजगढ़ को छोड़ शेष सभी 7 पर भाजपा का कब्जा है। जहां तक शहडोल लोकसभा सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है तो 1991 और 2009 में यहां से कांग्रेस के दलवीर सिंह और उनकी पत्नी राजेश नंदिनी सिंह ही चुनाव जीते है।

### विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2580 | 4305 |
| गेहूं 1544 | 1950 | 2980 |
| चना | 3650 | 5900 |
| मसूर | 5200 | 6040 |
| सोयाबीन | 3810 | 4740 |
| सरसों | 2800 | 5320 |
| धान | 1600 | 3800 |
| तेवड़ा | 4220 | 5022 |

### खबर संक्षेप

**एंफोर्समेंट एजेंसियों की बैठक आज होगी**

**विदिशा।** लोकसभा निर्वाचन के दरम्यिान प्रवर्तन एन्फोर्समेंट एजेंसियों के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों संबंधी बैठक कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में आज आयोजित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि एन्फोर्समेंट एजेन्सियों की बैठक कलेक्टेट के बेतवा सभागार में टीएल बैठक के उपरांत आयोजित की गई है।

**24 घंटे चालू रहेगा नंबर**

**विदिशा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दरम्यिान निर्वाचन संबंधी जानकारियों के साथ-साथ अन्य किसी भी प्रकार की निर्वाचन शिकायतों के लिए आमजन कंट्रोल रूम से सीधा संपर्क कर अवगत करा सकते हैं। मुख्यालय के साथ-साथ विधानसभा स्तर पर कंट्रोल रूमों का गठन किया गया है। सभी कंट्रोल रूम सातों दिन 24 घंटे संचालित हो रहे हैं। 8 -8 घंटे के अंतराल में कर्मचारियों को जबावदेही सौंपी गई है।

### तेजी से चल रहा काम: जल्द ही शहर को मिलेगा आधुनिक रेलवे स्टेशन

# 18 करोड़ से अधिक की राशि से बदल रही रेलवे स्टेशन की सूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने और स्टेशन के कायाकल्प कि कबायद की जा रही है। 8 माह से लगातार काम चल रहा है।

अगस्त 2023 में विदिशा रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के लिए शिलान्यास किया गया था। रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक-1 के पुराने भवन को तोड़कर नया तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य भवन भी तोड़ दिए गए हैं। प्लेटफार्म पर विकास के कार्य में अब तेजी आ गई है। हालांकि काम शुरू होने के कारण अभी रेलवे स्टेशन परिसर अस्तव्यस्त है। अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत यह



विदिशा। रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य में धीरे धीरे आती जा रही है गति।

पुनिर्विकास कार्य शुरू किया गया है। वहीं अधिकांश कार्य मार्च माह में पूरा करने की उम्मीद जताई गई थी लेकिन फिलहाल गार्ड-ड्राइवरों के लिए रनिंग रूम बनकर तैयार हो पाया है। वहीं जीआरपी थाने को नए भवन में शिफ्ट किया जा चुका है। प्लेटफार्म एक की तरफ रेलवे परिसर की नई सड़क बन चुकी है। इसी तरह प्लेटफार्म क्रमांक 4 पर कोच लोकेटर लग चुके हैं। प्लेटफार्म पर आने वाले यात्रियों को अन्य सुविधाओं का काम अभी चल रहा है। प्लेटफार्म नंबर चार की टिकट विंडों जो पहले बंद थी उसे चालू कर दिया गया है। जबकि इस प्लेटफार्म पर टायलेट, व्यविस्थत पार्किंग सहित अन्य सुविधाओं के विस्तार के लिए अभी काम चल रहा है। स्टेशन पर सामान्य वेटिंग हाल, टायलेट, एसएसएम आफिस, बुकिंग ऑफिस, वीआईपी कक्ष, अपर क्लास और स्लीपर क्लास वेटिंग हाल, पार्सल आफिस, टीटीई लॉबी,डीसीआई रूम का निर्माण किया जाना है। अभी प्लेटफार्म 4 पर शेड विस्तार का कार्य किया जा रहा है।

### एफओबी का काम अब तक शुरू नहीं हुआ

रेलवे स्टेशन पुरर्विकास कार्य में एक एफओबी भी बनाया जाना है। यह एफओबी प्लेटफार्म क्रमांक एक से चार के बीच बनाया जाना तय है, लेकिन अभी काम शुरू नहीं हो सका है। इसी तरह प्लेटफार्म क्रमांक-1 की ओर परिसर को विकसित करने का कार्य भी रुका हुआ है। इधर प्लेटफार्म के बाहर वाहन व्यवस्थित तरीके से नहीं खड़े नहीं हो पा रहे हैं। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का आवागमन आसान हो सके इसके तहत विकास कार्य किए जाने हैं लेकिन ऐसे कई कार्य अभी शुरू नहीं हो पाए हैं और निर्माण कार्य भी व्यवस्थित नहीं होने से यात्रियों की समस्याएं बनी हुई है। इन कार्यों को अभी पूरा होने में कई माह लगने की संभावना जताई जा रही है।

# पुण्य स्मरण समारोह में हुआ नाटक व काव्यपाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पं. गंगा प्रसाद पाठक के 48वे पुण्य स्मरण समारोह में एकल अभिनय एवं काव्यपाठ द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। विनायक वैंक्यूट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ अभिनय कर चुके अभिनेता बालेन्द्र सिंह ने पापकॉर्न नाटक का मंचन किया। आशीष पाठक द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक में बालेन्द्र सिंह ने 8 पात्रों को अभिनय किया। 25 वर्षो से हम थियेटर ग्रुप का बतौर निर्देशक संचालन कर रहे बालेन्द्र सिंह लाला हरदौल नाटक का भी न्यास के मंच पर मंचन कर चुके हैं। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में भोपाल के शायर,वॉयस आर्टिस्ट, स्क्रिप्त राइटर आमिर अज़हर के ग़ज़ल पाठ और प्रोफेसर सविता भार्गव एवं डॉक्टर नेहल शाह के काव्यपाठ को भी बहुत पसंद किया गया। श्रोताओं की फ़रमाइश पर कवियों ने दूसरे दौर में भी काव्य पाठ किया। प्रारंभ में अतिथियों एवं न्यास के अध्यक्ष डॉक्टर विजय बहादुर सिंह का स्वागत न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद देवलिया,कोषाध्यक्ष भरत लड्ढा,सह सचिव अरविंद द्विवेदी, चक्रवर्ती जैन, अनंत सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर वनिता बाजपेयी एवं सुदिन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर न्यास की वार्षिक स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

### आसमान में बादल छाए, बारिश की संभावना

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** मौसम के मिजाज में बार बार बदलाब देखने को मिल रहा है। सुबह से आसमान में बादल छा रहे हैं। बीच-बीच में धूप निकल रही है। मौसम में बदलाव के कारण तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। आगामी चार दिनों तक मौसम खराब बना रह सकता है। खराब मौसम में किसानों को चिंता में डाल दिया है। अभी जिले में फसल कटाई का काम चल रहा है। कई खेतों में उपज कटी रखी हुई है। जहां पिछले दिनों तापमान 39 डिग्री के पार पहुंच गया था। वहीं अब तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच में रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अप्रैल में पहली बार साइक्लोन सर्कुलेशन और वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से स्ट्रॉग सिस्टम की एक्टिविटी है। इस वजह से आंधी, बारिश, ओले व आकाशीय बिजली की गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।

### झूलेलाल मंदिर से सिंधी समाज ने निकाली वाहन रैली

**विदिशा।** 10 अप्रैल को भगवान झूलेलाल की जयंती है। जिसको लेकर रविवार को पूज्य सिंधी पंचायत के सदस्यों द्वारा झूलेलाल मंदिर सिंधी धर्मशाला से पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने वाहन रैली निकाली। रैली का सिंधी धर्मशाला पहुंचकर समापन हुआ। जिसमें समाज के युवक युक्तियां के साथ-साथ महिला पुरुष भी शामिल हुए।



### बढ़ाई मुस्तैदी: बदमाशों की निगरानी कर रही पुलिस

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव की घोषणा और आचार संहिता लगने के साथ ही पुलिस अलर्ट मोड में आ गई। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश पर जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले में फ्लाइंग स्क्वायड तथा स्टेटिक सर्विलांस टीम चेकिंग के साथ ही पुलिस की टीम ने गश्त बढ़ा दी है। जिले के विभिन्न थानों की पुलिस भी लगातार अपराधियों की पकड़ धकड़, चेकिंग व तलाशी लेने के साथ ही कांबिंग गश्त कर रही है। बीती रात पुलिस ने लटेरी व बासौदा थानों में कांबिंग गश्त की गई। जिसमें 40 स्थाई, 125 गिरफ्तारी वारंट तामील कराने के साथ 66 निगरानी, 29 जिला बदर व 84 गुंडों को चेक किया। चेकिंग के दौरान तीन आबकारी एक्ट, एक आर्म्स एक्ट व दो सट्टे के मामले दर्ज किए गए। आचार संहिता लगने के बाद से जिले में अब तक कुल 511.4 लीटर देशी शराब एवं 423.5 लीटर विदेशी शराब जब्त की जा चुकी है। वहीं 10 किलो 193 ग्राम अवैध मादक पदार्थ, 10 अवैध धारदार हथियार जब्त किए गए हैं।

# सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने बालाजी इको सिटी कॉलोनी से हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने एसबीआई और बालाजी बिल्डर्स के सहयोग से टाटा ऊर्जा के साथ श्री बालाजी इको सिटी कॉलोनी में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

घरों में सोलर ऊर्जा सिस्टम लगाने की लागत 2 लाख रुपए है। जिसमें से 1 लाख 80 हजार रुपए एसबीआई द्वारा 7% वार्षिक ब्याज दर पर दस वर्षों के लिए वित्तपोषित किया गया है। इस परियोजना को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार द्वारा 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। आयोजक डीजीएम एसबीआई लोकेश चंद्रा, क्षेत्रीय प्रबंधक बापूजी चरण स्वाइन और मुख्य प्रबंधक क्रेडिट प्रवीण पटेल ने लोगों को योजना के संबंध में जानकारी दी। बालाजी बिल्डर्स के निदेशक मयंक जैन ने अधिक से अधिक सोलर ऊर्जा का उपयोग करने की अपील की। मौके पर ही लोगों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया एवं बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। यह आयोजन नागरिकों को सोलर पैनल को अपने घरों की छतों पर स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए हैं। योजना का उद्देश्य ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देना है।




### समाजसेवा: रेलवे स्टेशन पर 40 साल पुरानी जलसेवा का विधिवत शुभारंभ किया

# कलेक्टर ने रेल यात्रियों की बॉटलों में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर सार्वजनिक भोजनालय सेवा समिति के माध्यम से निशुल्क जल वितरण सेवा का रविवार को विधिवत शुभारंभ किया गया।

अब तीन महीने तक यह सेवा लगातार जारी रहेगी। कार्यक्रम के दौरान विदिशा कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, एसपी दीपक शुक्ला, समाजसेवी अतुल शाह सहित अन्य समाज सेवी मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्टर और एसपी ने अपने हाथों से रेल यात्रियों की खाली बॉटल में पानी भरकर जलसेवा की शुरूआत की। करीब 40 साल पहले स्वर्गीय रामेश्वर दयाल बंसल और स्वर्गीय मोहन अग्रवाल द्वारा इस कार्य की शुरुआत की गई थी। वहीं जिला अस्पताल में मरीजों के लिए 1 रुपए में खिचड़ी और उनके परिजनों को भोजन उपलब्ध कराने की शुरूआत की गई थी जो आज भी नियमित रूप से जारी है। करीब 2 साल पूर्व भोजनालय सेवा समिति ने मरीज के परिजनों को गर्म दूध का वितरण भी प्रारंभ किया है।

कलेक्टर और एसपी सहित अन्य अतिथियों ने प्लेटफार्म पर पहुंची ट्रेन के यात्रियों को निशुल्क जल वितरित कर इसका विधिवत प्रारंभ किया। कलेक्टर ने कहा कि सेवा का यह अनोखा प्रकल्प है और इसमें शासन प्रशासन की तरफ से जो भी सहयोग होगा वह दिया जाएगा।



### सीएसपी सिंह ने पुलिस जवानों को दिया प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सीएसपी अतुल सिंह ने थाना ग्यारसपुर एवं गुलाबगंज में थाना प्रभारी एवं स्टाफ को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण दिया। वहीं एसएसटी एवं एफएसटी में लगे बल को मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी करने और वाहनों की सतत चैकिंग के लिए निर्देशित किया गया। लोकसभा चुनाव और आचार सहिंता को ध्यान में रखते हुए चुनाव में पुलिस के महत्व की समझाइश दी गई। साथ ही पुलिस मुख्यालय द्वारा चुनाव प्रशिक्षण के संबंध में प्राप्त सीडी चलाकर दिखाई गई। जिसमें चुनाव संबंधी निर्देश को पुलिस स्टाफ को दिखाया गया।

## खबर संक्षेप

### उत्साह से मनाई जाएगी झूलेलाल जयंती

**गंजबासौदा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान झूलेलाल की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर बुधवार को सुबह 8 बजे वाहन रैली त्योंदा रोड सिंधी कॉलोनी से निकलकर पलोड़ पेट्रोल पंप, राजेंद्र नगर, सिरोंज चौराहा, सावरकर चौक, जय स्तंभ चौक, रेलवे स्टेशन, हनुमान मंदिर से होते हुए मील रोड से वापस सिंधी कॉलोनी पहुंचेगी। तत्पश्चात सुबह 9 बजे भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा त्योंदा रोड सिंधी कॉलोनी से निकल कर जय स्तंभ चौक से होते हुए बरेठ रोड नई सिंधी कॉलोनी चर्च के पीछे काला बाग भगवान झूलेलाल के मंदिर पर पहुंचेगी। आयोजन स्थल भगवान झूलेलाल के मंदिर पर कथा, कीर्तन कर बहराणा साहब की पूजा अर्चना कर पल्लव पाकर आरती, अरदास की जाएगी तथा शाम 4 बजे बहराणा साहब को बेतवा तट पर विसर्जन किया जाएगा।

### देहात थाना पुलिस ने की वाहनों की चैकिंग



**गंजबासौदा।** रविवार को देहात थाना पुलिस द्वारा गंज मोड़ के पास दो पहिया, चार पहिया वाहनों की जांच पड़ताल की। रविवार को देहात थाना पुलिस ने विशेष अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की गई।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**गंजबासौदा।** रविवार को संजीव उर्फ रामेश्वर कुशवाहा उम्र 23 साल निवासी मुरादपुर ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## धीमी गति से चल रहा पुल का निर्माण कार्य...




**गंजबासौदा।** नगर के बासौदा–सिरोंज मार्ग पर स्थित बेतवा नदी के पुल का निर्माण कार्य पिछले कई वर्षों से इतनी धीमी गति से चल रहा है कि आगामी 2 वर्ष में भी पूर्ण होने की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है।


### अरणि मंथन कर वैदिक मंत्रों से प्रकट अग्नि को भट्टियों में कराया वास

# भंडार गृह में शुद्धता, सात्विकता के साथ तैयार होगी भोजन प्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर आयोजित होने जा रहे विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रारंभ होने में मात्र दो दिन शेष रह गए हैं। लेकिन तीर्थ क्षेत्रों से साधु संतों की जमात अभी से आश्रम पर पहुंचना प्रारंभ हो गई है। आश्रम के समीप बनाए गए भंडार गृह में रविवार को महंत राममनोहर दास महाराज, उप यज्ञाचार्य पंडित केशव शास्त्री सहित अन्य ब्राह्मणों ने वैदिक मित्रों के बीच अरणी मंथन के जरिए अग्नि प्रकट कर उस अग्नि को भोजन बनाने वाली बड़ी-बड़ी भट्टियों में वास कराया। भट्टियों में अग्नि के पहुंचते ही आज से ही उन पर भोजन बनना भी प्रारंभ हो गया है। यज्ञ में शामिल होने पहुंच रहे साधु-संतों, यजमानों, ब्राह्मणों के अलावा यज्ञ की पूर्णाहुति पर 1 लाख श्रद्धालुओं के भंडारे का निर्माण इन भट्टियों पर पूरी सात्विकता, पवित्रता और शुद्धता का ध्यान रखते हुए हलवाइयों द्वारा तैयार किया जाएगा।







रविवार को आश्रम पर राम मनोहरदास महाराज द्वारा पत्रकारों से चर्चा करते हुए यज्ञ की विभिन्न व्यवस्थाओं की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर पत्रकारों का श्रीमहंत द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर के आश्वासन के बाजवूद स्थानीय प्रशासन से लकडी की आपूर्ति, शौचालय निर्माण, सडक के दोनों ओर सफाई, पुलिया मरम्मत आदि व्यवस्थाओं में पर्याप्त सहयोग न मिलने की बात भी बताई गई। ज्ञात हो कि नौलखी आश्रम पर विराट धार्मिक महोत्सव का शुभारंभ 10 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा से प्रारंभ होने जा रहा है। यह कलश यात्रा स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर से सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी जिसमें प्राण प्रतिष्ठित होने वाली देव प्रतिमाओं सहित संतों की शोभायात्रा शामिल रहेगी। शोभायात्रा में 2100 से अधिक मंगल कलश लेकर महिलाएं शामिल होंगी। यज्ञ में मां अन्नपूर्णा की रिद्धि और सिद्धि के लिए, वृंदावन से आ रहे साथ पंडितों के द्वारा प्रतिदिन 10 दिन तक अखंड रूप से भंडारगृह में मां अन्नपूर्णा स्तोत्र का पाठ किया जाएगा। भंडारगृह के प्रभारी संत बृजमोहन दास रामायणी ने बताया कि सात्विकता, शुद्धता और पवित्रता के साथ प्रसादी तैयार हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। वृंदावन से आ रहे आचार्य पंडित जगदीश शास्त्री सहित सात ब्राह्मणों की टीम भंडार गृह में मां अन्नपूर्णा को मनाने और उनकी कृपा के लिए अखंड रूप से प्रतिदिन अन्नपूर्णा स्त्रोत का पाठ करेंगी, ताकि भंडारे में अन्न कि कहीं कोई कमी ना रहे और यज्ञ के दर्शन के लिए आने वाले हर श्रद्धालु को भरपूर प्रसादी मिले। महायज्ञ की शोभा बढ़ाने के लिए विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों से तपस्वी साधु संतों की जमातें आश्रम पर पहुँचना प्रारंभ हो गई हैं। इन जमातों ने अभी से ही आश्रम के ही एक छोर पर बने विजय हनुमान मंदिर पर डेरा जमाया है जहां यह साधु भरी दोपहरी में धूना तपते हुए श्रद्धालुओं के लिए आस्था और श्रद्धा का केंद्र बन गए हैं। यज्ञ के दौरान साधुओं की इन जमातों की संख्या बढ़ जाएगी। जिससे आयोजन स्थल तपस्वी साधुओं की तपस्या से कुंभ के रूप में दिखाई देगा।

## इंसानियत, नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा की मिशाल पेश करते रेलकर्मी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जहां आए दिन भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और लापरवाही के कई मामले देखने और सुनने में आते हैं। वहीं दूसरी ओर गंजबासौदा स्टेशन पर कार्यरत रेलकर्मी नित्य नई मिशाल समाज के आमने पेश कर रहे हैं। ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा, नैतिकता और इंसानियत का एक ऐसा ही मामला शनिवार को भी प्रकाश में आया जब विदिशा निवासी 21 वर्षीय प्रांजल श्रीवास्तव भोपाल इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस में भोपाल से विदिशा के लिए रवाना हुए। विंध्याचल एक्सप्रेस के विदिशा स्टेशन पर पहुंचते ही नव युवक विदिशा स्टेशन पर उतर गया लेकिन जल्दबाजी और भूल बस अपना बैग जिसमें HP कंपनी का लेपटॉप रखा था, उसे अपनी सीट पर ही छोड़ दिया। जब तक युवक को अपनी गलती का आभास हुआ तब तक विंध्याचल एक्सप्रेस विदिशा स्टेशन छोड़ चुकी थी। युवक ने तुरंत ही इसकी जानकारी आरपीएफ थाना विदिशा को दी। आरपीएफ थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत ही इसकी सूचना गंजबासौदा आरपीएफ प्रभारी को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रकाश रघुवंशी ने ऑन ड्यूटी आरपीएफ जवान वसीम खान इस संबंध में निर्देशित किया। आरपीएफ जवान ने तत्परता दिखाते हुए विंध्याचल एक्सप्रेस के आते ही संबंधित बोगी में पहुंचकर बैग और लेपटॉप को बरामद किया और इसकी जानकारी लेपलॉप के मालिक को दी। लैपटॉप की जानकारी मिलते ही नवयुवक अगली ही ट्रेन से गंजबासोदा स्टेशन पहुंचा जहां कागजों की जांच पड़ताल के पश्चात बैग एवं लैपटॉप संबंधित नवयुवक को सुपुर्द कर दिया गया। लेपटॉप की कीमत लगभग 60000 से 65000 रूपए थी। इसके पूर्व भी महिला रेल यात्री का बैग गंजबासौदा रेल कर्मियों की तत्परता से बीना स्टेशन पर उतरवाया गया था।

## उत्साह से मनाया जा रहा गणगौर उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के मारवाड़ी अग्रवाल समाज की महिलाओं द्वारा गणगौर उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। उत्सव के 11वें दिन बालाजी परिवार के द्वारा पूजन एवं गोट का आयोजन दाद्जी प्लाजा में किया गया। जिसमें नेहा मित्तल, नीता अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, मोनिका मित्तल, रानी मित्तल, वीणा मित्तल सहित अग्रवाल समाज की अनेक महिलाएं उपस्थित थीं।

## शांति समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को तहसील के पटवारी सभागृह में आगामी त्यौहारों ईद, रामनवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, नववर्ष गुड़ी पड़वा, नवरात्रि नौलखी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी के संबंध में चर्चा के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम विजय राय, एसडीओपी मनोज मिश्रा, सिटी थाना प्रभारी संजीव चौकसे, देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया, तहसीलदार सहित सभी विभागों के अधिकारी, गणमान्य नागरिक, शीतला शक्ति धाम समिति सदस्य, व्यापार संघ सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान शहर के सीसीटीवी सही ढंग से संचालित करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए एवं सदस्यगण द्वारा विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं के सुझाव भी दिए गए। जिस पर एसडीएम द्वारा संबंधित विभाग को कार्य सुनिश्चित तरीके से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया।

## यादव समाज की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को शाम के समय यादव समाज सेवा समिति द्वारा यादव समाज धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई। जिसमें धर्मशाला निर्माण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जितेन्द्र यादव, नाथूराम यादव, सुनील यादव, अन्नू यादव, महेन्द्र यादव, नरेन्द्र गुड्डु यादव, दीपक यादव, गजेन्द्र सिंह यादव, संजू यादव, नारायण सिंह यादव, हरीराम यादव, रमेश यादव, नत्थू यादव, भूपेन्द्र यादव, मुंशीलाल यादव सहित यादव समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

## हिन्दू चेतना सेवा समिति द्वारा चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



हिंदू चेतना सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत साप्ताहिक हनुमान चालीसा का उन्नीसवा चरण संपन्न हुआ। हिंदू चेतना सेवा समिति विदिशा मंडल गंजबासौदा के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म एवं आध्यात्म से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक शनिवार को नगर के अलग-अलग हनुमान मंदिरों पर हनुमान चालीसा का 7 बार पाठ किया जाता है एवं युवाओं को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई जाती है। जिसके तहत शनिवार को श्री हनुमान मंदिर उमा यश स्कूल वाली गली पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें आकाश जैन, सूर्य प्रताप सिंह राजपूत, एवन सिंह विश्वकर्मा, नितिन अग्रवाल, जैत्र राजपूत, राकेश रघुवंशी, अरुण यादव, प्रशांत शर्मा, रवि रघुवंशी, अर्णव रघुवंशी, लखन गुर्जर, अमित विश्वकर्मा, लव गुर्जर, वीर कुशवाहा, जसवंत सिंह राजपूत, जगदीश कुशवाहा, देवांश शर्मा, यशस्वी गोस्वामी, नंदकिशोर वर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे एवं मोहल्ले के युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई एवं युवाओं को हिंदू धर्म के प्रति जागृत किया गया।

### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारीगण रहे मौजूद

# गौ दूध से रोजा अफ्तार कर बुजुर्गों के साथ मनाया जमातुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंधित संस्था मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के पदाधिकारीगण और कार्यकर्ताऔ ने जीवाजीपुर वृद्धाश्रम पहुंच कर बुजुर्गों के साथ गौ दूध और खजूर से रोजा अफ्तार किया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने रघुकुल वृद्धाश्रम जीवाजीपुर मे वृद्धजनों का सम्मान कर एक माह की राशन सामग्री भी प्रदान की।




इस अवसर पर राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने नौजवानों का आह्वान करते हुऐ कहा मां-बाप की खिदमत और उनकी इज्जत करो, मां की खिदमत सबसे ज्यादा करनी चाहिए सभी धर्म ग्रंथो मे कहा गया है कि मां के पैरों तले जन्नत है । मां और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। समाजसेवी शिक्षक नेता पृथ्वीसिंह रघुवंशी ने बताया हमारी मां ने तकलीफ पर तकलीफ झेलकर नौ महीने तक हमे अपने पेट में उठाए रखा, हम अपनी मां का कर्ज कभी नही उतार सकते । वरिष्ठ नेता पर्वत सिंह ने कहा जिस घर मे बुजुर्ग होते हैं उस घर मे रौनक रहती है हमे अपने माता पिता बुजुर्गो का सम्मान करना चाहिए। अपने मां-बाप की खूब खिदमत करो, क्योंकि उन्होंने आपकी खिदमत तब की जब आप अपने आप से हिल भी नहीं सकते थे। यह बिल्कुल सत्य बात है कि अगर हम आप मां-बाप की खिदमत करते हैं, तो हमसे हमारा ईश्वर भी खुश होगा। माता पिता बुजुर्गो की सेवा ही नारायण सेवा है। यही सबसे बड़ा पुण्य है उनके चरणों में ही सारे तीर्थ सारे धाम है।

### कलश यात्रा निकली



**गंजबासौदा।** रविवार को नगर के वार्ड क्रमांक 1 व 2 में दुर्गा महारानी की त्रि दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में कलश यात्रा शीतला माता मंदिर से निकाली गयी। इस दौरान जगह जगह पर भक्तों द्वारा कलश यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर आचार्य पं. राहुल शास्त्री, पं. अभिषेक दुबे शास्त्री, पं. अंकित शास्त्री, पुजारी विशाल वैष्णव सहित दोनों वार्डों के वार्डवासी, भक्तगण कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा के समापन पर प्रसादी का वितरण किया गया।

## सर्राफा व स्वर्णकार संघ का होली मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रतिवर्ष की परम्परा अनुसार सर्राफा एवं स्वर्णकार संघ द्वारा होली मिलन समारोह होटल योगेश्वरी में आयोजित किया गया। जिसमें संघ के सभी सदस्यों सहित नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं साहित्यकार संघ के सृजनशील रचनाकारों को आमंत्रित किया गया। इस आत्मीय एवं गरिमामय आयोजन में उपस्थित महानुभावों ने रंग-गुलाल लगाकर समिति सदस्यों सहित सभी का स्वागत वंदन अभिनंदन किया। तत्पश्चात इस होली महोत्सव में नगर के रचनाकारों जयकुमार शीतल, रज्जन लाल सिंघई, अनिल गीतकार, राकेश जैन विद्युत, ऋषभ जैन बिंदास, प्रोफेसर ऋषभ जैन, रामनारायण सोनी, चन्द्रकुमार तारण, कमलेश सोनी, ज्ञानचंद अज्ञान, वैघराज निहाल सिंह पंथी द्वारा गीत-गजल, लोकगीत-शायरी, हास्य-व्यंग्य से उपस्थित जन समुदाय को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता



वरिष्ठ लोक गीतकार रामनारायण सोनी द्वारा की गई एवं संचालन एड. चन्द्रकुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम को सफलता के सोपान तक ले जाने में नवीन कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों की प्रशंसा की गई। जिसमें अध्यक्ष नीरज ओसवाल, सचिव आकाश जैन शुभ मंगल, कोषाध्यक्ष मनीष जैन, उपाध्यक्ष बंटी सोनी, प्रशांत सोनी, सह सचिव सचिन जैन ने अथक प्रयास किया एवं मुकेश गोयल, श्रीबाबू गर्ग, अखिलेश बैशाखिया एवं समस्त सदस्यों की उपस्थिति में होली के रंग पर्व को उमंग-उल्लास से भर दिया। संघ के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित राजेश तिवारी पूर्व क्षेत्र मंत्री विहिप, शैलेन्द्र रघुवंशी जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं पत्रकार राहुल पलोड़ सहित समस्त गणमान्य नागरिकों के प्रति आत्मा की अतल गहराईयों से कृतज्ञता व्यक्त की।

### सुंदरकांड पाठ आयोजित



**गंजबासौदा।** शनिवार को रात्रि 8 बजे से दुर्गा शक्ति धाम मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन प्रभु सुमरन ग्रुप द्वारा किया गया। जिसमें पंडित मुन्नालाल शास्त्री, पुजारी विशाल वैष्णव, प्रशांत भार्गव, देवेंद्र वर्मा, उमंग वर्मा, कार्तिक महलवार, राकेश महलवार आदि भक्तों ने भाग लिया। उक्त आयोजन सुमिरन ग्रुप के वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया गया। इसके बाद भगवान की आरती के बाद प्रसादी वितरण हुआ।

## गौशाला की युवा टीम ने शहर में रखवाई दो दर्जन से अधिक पानी की होदिया

# युवाओं की टीम में समाजसेवा का जज्बा ऐसा कि हर कोई सहयोग करने के लिए प्रतिदिन आ रहा आगे

### संत सुधा सागर गौशाला की युवा टीम का संकल्प, गायो को पानी के लिए हर चौक-चौराहे और मोहल्ले में 1000 होदिया रखीं जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

यदि किसी भी नागरिक को सही समाज सेवा का जज्बा यदि देखना है तो संत सुधा सागर गौशाला के सदस्यो की युवा टीम में देखे। इस युवाओं की टीम ने मूक पशुओं के लिए इस भीषण गर्मी में पानी की होदिया बनवाकर नगर के अनेको वार्डो व चौक चौराहो पर रखी जा रही है। जिससे की प्रत्येक जानवर पानी के अभाव में यहा वहा न भटकें। वही इस गौशाला की युवा टीम ने कडकडाती सर्दियो में मूक पशु व गायो के लिए गुड के औषधि पूर्ण लड्डू पूरे शहर में गायो के लिए खिलाए गए। साथ ही 24 घण्टें इस टीम ने एक संकल्प लिया कि कोई भी मूक पशु यदि घायल होता है तो उसके उपचार के लिए तत्काल चाहे भीषण गर्मी और या कडकडाती सर्दी हो या फिर तेज बारिश ही क्यों न हो पशु के उपचार के लिए यह टीम कुछ भी नही देखती और घायल पशुओं का उपचार करने के लिए टीम के सदस्य निकल जाते है।

#### 5 युवा व 5 बच्चे लगे हुए हैं गौ सेवा में

जैन समाज के सहयोग से आरोन रोड पर स्थित संत सुधा सागर गौशाला के सदस्य पिछले काफी वर्षो से गायो के लिए कार्य कर रहें है। लगभग 30 से 35 समाज के वरिष्ठ जन और युवा इस गौशाला का संचालन कर रहें है। यह गौशाला की टीम गौशाला के लिए तन मन और धन से समर्पित है। इस टीम के 5 सितारे ऐसे है कि जो कि न रात देखते और न ही दिन और गौसेवा के

#### एक होदी के निर्माण में खर्च हो रहें 700 रुपए, होदी निर्माण के लिए जैन समाज दे रहा फ्री लोहा




गौशाला के सदस्यो द्वारा जो पानी की होदियो का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त होदी निर्माण में सीमिंट व अन्य सामग्री को मिलाकर एक होदी निर्माण में 700 रूपये की लागत लग रही है। वही इन होदियो के निर्माण में उपयोग होने वाला लोहा जैन समाज द्वारा गौशाला के सदस्यो को निःशुल्क दिया जा रहा है। जिससे की 2 हजार रूपये में बनने वाली पानी की एक होदी गौशाला के सदस्यो द्वारा मात्र 700 रूपये में तैयार कर समाजसेवा की भावना रखने वाले नागरिको को दी जा रही है। इस एक होदी के निर्माण में लगभग दो से तीन दिन का समय लग रहा है। गौशाला के सदस्यो की इस गौसेवा की भावना को देखते हुए नगर के अनेको समाजसेवी गौशाला सदस्यों से सम्पर्क कर गायो के लिए होदिया बनवाने के लिए दान स्वरूप राशि दे रहें है।

#### साफ-सफाई का रखा जा रहा विशेष ध्यान

गौशाला के सदस्यो द्वारा सप्ताह में एक बार हर पानी की होदी की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिससे की गायो को शुद्ध पानी मिल सकें। गौशाला के वरिष्ठ सदस्य नरेन्द्र जैन ने बताया कि हमारे द्वारा यह होदिया उन लोगों को दी जा रही है जो इनमें प्रतिदिन पानी भर रखें और होदियो की साफ सफाई पर ध्यान दे सकें। साथ ही जहा जहा गौशाला की टीम द्वारा होदिया रखी गई है उन पानी की होदियो में पानी भरने व साफ-सफाई करने के लिए गौशाला के सदस्य प्रतिदिन सुबह के समय पहुचें है और गौशाला को शुद्ध व पेयजल पिलाते है।

#### गौशाला सदस्यों ने शहर में 1 हजार होदिया रखने का लिया संकल्प



*संत सुधा सागर गौशाला के सदस्यों ने संकल्प लिया है कि सिरोंज के लगभग प्रत्येक वार्ड व प्रत्येक चौक चौराहा पर 1 हजार सीमेंट से बनी हुई होदिया रखने का प्रयास किया जा रहा है। वही गौशाला के सदस्यों द्वारा वर्तमान में 1 दर्जन से अधिक पानी की होदिया रखी जा चुकी है। प्रतिदिन जैन समाज के अलावा अन्य समाजो के नागरिक भी होदिया रखवाने के लिए दान स्वरूप राशि दे रहें है। उस राशि के द्वारा गौशाला के सदस्यो द्वारा पानी की होदिया बनवाई जा रही है और उनमें पानी भरकर घरों व मुख्य चौराहो पर रखा जा रहा है। साथ ही युवाओं की टीम द्वारा गौशाला सेवको को प्रतिदिन इन होदियो में पानी भरने के लिए कहा जा रहा है।*

#### इन दानदाताओं ने गौसेवा के लिए दिया दान



*गौसेवा के लिए समर्पित होकर जैन समाज एंव अन्य समाज के नागरिको ने दान स्वरूप राशि दी है। जिनमें मिठठू लाल जैन भौरिया वालो की धर्मपत्नि स्वर्गीय श्रीमति शांति बाई जैन के पुत्र विनोद जैन, अरविन्द जैन,सुरेन्द्र जैन,नरेन्द्र जैन ने 5 होदिया बनवाने के लिए दान स्वरूप राशि दी। वही दिल्ली निवासी विपुल जैन ने आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज की विनयांजलि पर 20 होदी निर्माण के लिए गौशाला के सदस्यों को दान स्वरूप राशि दी। साथ ही दिव्यांश जैन,नीरज जैन दिल्ली ने दो दो होदी निर्माण के राशि दी। वही एक एक होदी निर्माण के लिए अनेको गौसेवको ने राशि दी।*

#### 48 घंटे बाद भी सुरेंद्र विश्वकर्मा के गायब होने का रहस्य बरकरार

गढ़ाकोटा। गढ़ाकोटा नगर में शनिवार की सुबह शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल गढ़ाकोटा के प्यून सुरेंद्र विश्वकर्मा का सिद्ध बाबा पटेरिया से गायब होने का मामला सामने आने के बाद पुलिस के हाथ पांव फूल गए है । घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक उसके गायब होने का रहस्य पता नही कर पाई है जबकि एक दिन पूर्व प्यून ने गढ़ाकोटा थाने में पहुंचकर गर्ल्स स्कूल के सामने जनरल स्टोर संचालक रामजी अग्रवाल के खिलाफ आवेदन देकर लेख किया गया था कि रामजी अग्रवाल मुझसे कहता कि स्कूल की लड़कियों के वह मोबाइल नंबर उसे दे सुरेंद्र को शुक्रवार के दिन राम जी ने दमोह रोड़ पेट्रोल पंप के सामने अपनी मोटर साइकिल उसके सामने लगाकर उसे फिर लड़कियों के मोबाइल नंबर नही देने पर उसे धमकी दी थी। इससे दुखी होकर वह रहस्यमय तरीके से गायब हो गया या फिर किसी के द्वारा उसके साथ वारदात की गई। पुलिस रामजी से पूछताछ कर रही है। इधर विश्वकर्मा समाज लामबंद हो गई है। सुरेंद्र के परिजनों को आशंका है कि रामजी के कहने पर ही किसी घटना को अंजाम दिया गया होगा। दो दिन बीत जाने के बाद गायब सुरेंद्र का अभी तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच पड़ताल करने में जुटी है। सुरेंद्र के परिजनों ने जिस रामजी अग्रवाल पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए है वह इस तरह कि घटना से उसका वास्ता नहीं होने की कह रहा है।

## ब्रेक फेल होने से पलटा शराब से भरा ट्रक बोतलों को उठाने लगी नागरिकों की भीड़

### लाखों रुपए की विदेशी शराब व बीयर भरी हुई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

शनिवार की रात्रि 9 बजें के आसपास भोपाल से पथरिया की ओर जा रहा अग्रेंजी शराब से भरा ट्रक नगर के लटेरी नाका पर ब्रेक फेल होने के कारण पलट गया।

हादसे में कोई हताहत नही हुआ लेकिन हादसे की जानकारी जैसे ही नगर के नागरिकों को मिली और ट्रक पलटने से सड़क पर बिखरी शराब की बोतलो को उठाने के लिए बडी संख्या में नागरिको की भीड़ लग गई और देखते ही देखते कुछ ही मिनटो में ट्रक की आधे से ज्यादा



शराब लोग उठा ले गए। वही ट्रक की अधिकांश बोतले फूटने के कारण सड़क पर शराब बह गई। ट्रक में लगभग लाखो रूपये की अग्रेंजी शराब व बीयर भरी हुई थी। वही सूचना मिलने के बाद पर मौके पर पुलिस पहुची। लेकिन पुलिस के पहुचनें से पहले ही ट्रक की आधी से ज्यादा शराब को नागरिकों द्वारा लूट लिया गया था।

## फाग लोकोत्सव के तीसरे दिन छाई बृजमंडल की संस्कृति भक्तों के साथ भगवान राधाकृष्ण ने खेली फूलों की होली

### ग्राम वीरपुर में आयोजित हो रहा है लोक संस्कृति का पांच दिवसीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

महामाई के दरबार मे शनिवार को बृज की फूलों की ओर लट्ठमार होली की धूम रही। फाग लोकोत्सव में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में यहाँ बृज का महारास सहित अनेक नृत्य नाटिकाओं ओर भजनों का आनंद श्रद्धालुओं ने जमकर लूटा। कार्यक्रम के दौरान भगवान बाँके बिहारी का सजीव रूप का चित्रण श्रद्धा का केंद्र रहा। जिनकी उपस्थित श्रद्धालुओ ने आरती उतार कर धर्मलाभ भी लिया।

चैत्र नवरात्रि के पूर्व माँ महामाई के आँगन में फोग लोकोत्सव समिति के तत्वाधान में पाँच दिवसीय फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है शनिवार को आयोजन का तीसरा दिन था




जिसमे उत्तरप्रदेश के बृज मंडल की लोककला एवं लोक नृत्य का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के शुरुआत में मथुरा वृंदावन से आई संतालवन म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार हरिशंकर शर्मा एवं अंकुर शर्मा ने बृज के भगवान कृष्ण के सुमधुर संगीतमय भजनों का रसपान श्रद्धालुओं को कराया। इसके उपरांत दल में शामिल भगवान राधाकृष्ण ओर उनकी सखियों ने अँगना रास रचाओ रे सखियो गीत से प्रारम्भ कर नृत्य नाटिकाओं की एक से बढ़कर एक मनभावन प्रस्तुतियां दी। बाँके बिहारी की एक छटा मेरो मन रह गयो लता पता गीत पर मयूर नृत्य एवं समापन पर भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी ने समिति के सदस्यों एवं मौजूद श्रद्धालुओं के संग करीब एक कुंटल फूलों की पंखुड़ियों से बृज की प्रसिद्ध फूलों की होली तथा लट्ठमार होली खेली। कार्यक्रम के दौरान भगवान कृष्ण सुदामा के अभिन्न मित्रता प्रेम को प्रदर्शित करते हुए अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो भजन पर सुंदरनृत्य नाटिका से भी श्रद्धालु भक्ति प्रेम के रस में डूबे दिखाई दीए।

#### भगवान बांके बिहारी की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

*फाग लोकोत्सव कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को बृज के देवदर्शन और लोक संस्कृति का भक्तिमय आंनद मिला। संगीत दल द्वारा सनातन संस्कृति में जन जन की आस्था के केंद्र भगवान बाँके बिहारी की सजीव झांकी की आकर्षक प्रस्तुति दी गई थी। गुलाब के फूलों के बीच बिराजे बाँके बिहारी का मनभावन श्रृंगार ठीक उसी प्रकार किया गया था जैसा श्रद्धालुगण वृंदावन के मंदिर में पहुँचकर करते है। इस मौके पर उपस्थित जनमानस ने भक्तिभाव के साथ भगवान की आरती भी उतारी।*

## मनमानी: बिना प्रिंट रेट के शराब बेच रहा नया ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

एक अप्रैल से शराब के ठेके बदल गए हैं। इस बार जिलेभर की शराब दुकानों का ठेका एक ही ठेकेदार को दिया गया है। जिसके कारण ठेकेदार ने मनमानी शुरू कर दी है। क्योंकि दूसरा कोई ठेकेदार सामने ही नहीं है। इसलिए ठेकेदार बिना प्रिंट रेट के ही अंग्रेजी क्वार्टर ऊंचे दामों पर बेच रहा है। वहीं देशी शराब के पाव भी प्रिंट रेट से अधिक दामों पर बेचे जा रहे हैं। आबकारी विभाग ठेकेदारी की कठपुतली बनकर सब कुछ देख रहा है। बिना प्रिंट रेट सुपर मास्टर शराब का क्वार्टर 120 से 140 रुपए तक बेचा जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जान कर भी अनजान बने हुए हैं। नियम के अनुसार हर खाने पीने वाली वस्तु पर अधिकतम मूल्य एवं खुदरा न्यूनतम मूल्य डला रहता है। परंतु




यहां तो आंधी ही चल रही है। सुपर मास्टर का अंग्रेजी का क्वार्टर के ऊपर कोई मूल्य नहीं डाला।

इस संबंध में जब जिला आबकारी अधिकारी बिनय रंगशाही से बात की गई तो उन्होंने बताया है कि इस ठेकेदार की बहुत शिकायतें मिल रहीं हैं। मैं कार्रवाई करवाता हूं। यदि बिना प्रिंट रेट की कहीं शराब बिक रही है तो उसकी जानकारी लगता हूं कि यह कहां से आ रही है।

#### तीन स्थाई वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हैदरगढ़।** थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह के निर्देशन में गस्त के दौरान स्थाई वारंटियों की धड़पकड़ की गई। 3 स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें एक महिला 10 महीने से 302 के मुकदमे में फरार रही थी। दो स्थाई वारंटी मारपीट आदतन अपराधी 3 महीने से फरार थे जिन्हे न्यायालय में पेश किया गया। गस्त के दौरान खिरिया टपरिया से 20 क्वार्टर देशी प्लेन शराब जब्त की गई। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि गस्त के दौरान तीन स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए हैं। जिसमें एक महिला 10 महीने से फरार थी।

## रेल यात्रा सुविधा विहीन क्षेत्र में यात्री बसों के अधिग्रहण से कैसे होगा आवागमन




**बरेली।** लोकसभा चुनाव की तैयारियां चल रही है। 26 अप्रेल को उदयपुरा बरेली विधान सभा क्षेत्र के &08 मतदान केन्द्रों पर मतदान होना है। परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों, स्कूल वाहनों के साथ चार पहिया वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 102 बसों का अधिग्रहण किया जाएगा। जिससे मतदान दल बूथों पर पहुंच कर मतदान के बाद वापिस आएगे।

संपूर्ण विधान सभा क्षेत्र रेल यात्रा की सुविधा से विहीन है। आवागमन का मुख्य साधन यात्री बसे प्रायवेट वाहन ही है। इसी के साथ जब 26 अप्रेल को मतदान होना है। तब ही लग्नसरा विवाहों की अधिकता रहेगी। ऐसी स्थिति में विवाह कार्यक्रमों के साथ लोगों, बीमारों की भोपाल, जबलपुर, होशंगाबाद, रायसेन, बेगमगंज, सिलवानी एवं अन्य स्थानों पर बिना बसों किरीाये के बिना चार पहियों के कैसे आवागमन होगा, बाडी समस्या और विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड सकता है।

#### स्कूल बसों का अधिग्रहण

नगर एवं क्षेत्र में भारी संख्या में प्रायवेट स्कूल संचालित है। सभी स्कूलों के पास ब'चों को लाने ले जाने वाली छोटी-बडी बस पिकअप वाहन है। चुनावों में स्कूलों की बसों का भी भारी संख्या मुं अधिग्रहण किया जाने की संभावना है। फिलहाल स्कूलों में ग्रीष्म कालीन अवकाश की स्थिति है। जिला परिवहन विभाग की बरेली आई टीम द्वारा 41 वाहनों का चुनाव के लिए अधिग्रहण की कार्यवाही की गई। 18 से 26 अप्रेल तक विवाह लग्नसरा की अधिकता रहेगी। इसी बीच 26 अप्रेल को मतदान होना है। अर्थात चुनाव प्रचार संपर्क और मतदान के दौरान विवाहों बारातों की अधिकता रहेगी। यात्री बसों एवं चार पहिया वाहनों के अधिग्रहण से विवाहों के कार्यक्रमों में सम्मिलित होना, बारातों के आने जाने में निजी चार पहिया वाहन और ट्रेक्टर ट्रालियों का भारी संख्या में उपयोग की संभावना है।

## 9 अप्रैल से चैत्र की नवरात्रि होगी प्रारंभ, देवी मंदिरों में तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

माँ आदि शक्ति दुर्गा जी की भक्ति आराधना का पर्व 09 अप्रेल से शुरू हो रहा है। शक्ति की भक्ति का पर्व निकट आते ही देवी मंदिरों में साफ-सफाई, सजावट का कार्य शुरू हो गया है। शारदीय नवरात्रि की तरह ठाकुर कोरी पुरा में 51 खप्पड़ों के साथ माँ काली की प्रतिमा स्थापित किए जाने में जय महाकाल ग्रुप के पदाधिकारी सक्रिय हैं। इसी के साथ देवी भक्तों द्वारा अपने घरों में देवी अनुष्ठान, श्री दुर्गा सपशति विशेष पूजन-पाठ की तैयारियां की जा रही हैं।

#### चल रही रमजान की इबादत

वर्तमान में मुस्लिम समाज का पवित्र रमजान का महिना चल रहा है। नगर के मुस्लिम परिवारों में बच्चों, महिलाएं



और युवाओं में भीषण गर्मी में भी रोजे रखने के प्रति भारी उत्साह बना हुआ है। यह भी 09 अप्रेल से संयोग होगा जब मुस्लिम समाज के द्वारा अल्लाह की राह में रोजे रखने के साथ इबादत की जायेगी वहीं हिन्दू समाज के परिवारों में माँ दुर्गा की विशेष पूजन आराधना साधना की जाएगी। शारदीय नवरात्र हो या चैत्र की नवरात्रि दुर्गा भक्तों द्वारा माँ दुर्गा को अल सुबह से जल अर्पित, पूजन कर दिन की शुरूआत की जाती है। नगर के खेरापति माता मंदिर, बड़ा बाजार स्थित शक्तिधाम मंदिर, संकट मोचन मंदिर स्थित दुर्गा मंदिर के साथ मंडी गेट के सामने दुर्गा मंदिर, थाने के पास काली मंदिर एवं अन्य दुर्गा मंदिरों में नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं को जल चढ़ाने, दर्शन-पूजन करने के विशेष इंतजाम किए जाते हैं। मंदिरों में सजावट भी शुरू हो गई है। नवरात्रि में दुर्गा पाठ बैठाने, अखण्ड योति एवं बारे बोकर माँ शक्ति की भक्ति आराधरा की प्राचीन परंपरा है। दुर्गा भक्तों द्वारा नवरात्रि में अपनी शक्ति सामर्थ्य श्रद्धानुसार कठिन उपवास किए जाते हैं। नवरात्रि में उपवास रखने के दौरान फलाहार की सामग्री का भारी मात्रा में भारी उपयोग होता है। साबूदाने, फल्ली दाने विभिन्न प्रकार के फलों का देवी भक्तों द्वारा उपयोग किए जाने से भाव बढन्ना शुरू हो गए हैं।

## बाड़ी-बरेली क्षेत्र में टमाटर की व्यापक खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

किसान वर्ष में दो फसले लिया करते थे। पिछले एक दशक में बाड़ी, बरेली क्षैत्र में धान के साथ टमाटर की व्यापक स्तर पर खेती हो रही है। इसी के साथ किसान विभिन्न प्रकार की हरी सब्जियां भी खेती कर अपनी उपज को देश प्रदेश की मंडियो में भेज कर अपनी आमदानी बढा रहे है।

क्षेत्र में उपजाऊ मिट्टी, पोषक तत्व और सिंचाई की भरपूर सुविधा का लाभ उठा कर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामों के हजारो किसानों द्वारा खरीफ सीजन में मुख्य रूप से बासमती धान की खेती की जा रही है। इस वर्ष बासमती धान के भाव 5 हजार रुपए क्विंटल के आसपास हो जाने से किसानों को लाभ और उत्साह की स्थिति बनी हुई है। धान की कटाई बाद सैकड़ों किसान गेंहू, चना की खेती के स्थान पर टमाटर एवं हरी सब्जियों की खेती कर अधिक आय करने लगे हैं। बाड़ी, बरेली तहसीलों के लगभग 50 ग्रामों में किसानों द्वारा छोटे-बडे रकबो में टमाटर के साथ अन्य हरी सब्जियों की खेती की जा रही है। क्षेत्र में प्रतिवर्ष टमाटर, सब्जियों का रकबा निरंतर बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र के किसानों द्वारा विभिन्न किस्म के टमाटर की खेती कर भारी उत्पादन किया जा रहा है। प्रतिदिन सेकडो वाहनों में भरा कर क्षेत्र का टमाटर, प्रदेश के साथ देश की मंडियों में जा और बिक रहा है। किसानों को प्रति केरेट टमाटर के



अच्छे दाम मिलने के साथ गांव-गांव गरीब, मजदूर परिवारों को टमाटर, हरी मिर्च एवं अन्य सब्जियों की तुडाई की मजदूरी और काम मिल रहा है।

#### 10 रुपए किलो टमाटर

क्षेत्र में टमाटर का भारी उत्पादन होने से फुटकर में भाव 10 रुपए किलो बने हुए है। भिन्डी, गिलकी को छोड अन्य हरी सब्जी, फूल गोभी, पत्ता गोभी, गिलकी को छोड़ अन्य हरी सब्जी, फूल गोभी, पत्ता गोभी, मटर, हरी धनिया, हरी मिर्च, बेंगन इत्यादि के भाव भी प्रति किलो कम होने से नगर एवं ग्रामीण क्षैत्र के परिवारों में प्रतिदिन हरी सब्जियों का भरपूर उपयोग हो रहा है। कुछ सब्जियों की इतनी अधिक आवक हो रही कि उनके बिकने से मजदूरी निकलना, परिवहन व्यय निकलना कठिन हो रहा है।

## परिचय सम्मेलन को लेकर दांगी क्षत्रिय समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को हबेली होटल में दांगी क्षत्रिय समाज की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें अरविंद सिंह दांगी कुकावली ने अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। जिसका सभी उपस्थित समाजजनों ने समर्थन किया एवं निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी युवक युवती परिचय सम्मेलन भोपाल में आयोजित किया जाए। इसी संबंध में आगामी 14 से 20 अप्रैल के बीच एक प्रदेश स्तरीय बैठक भोपाल में आयोजित कर संपूर्ण रूपरेखा तैयार किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। भोपाल में आयोजित होने वाले युवक-युवती परिचय सम्मेलन मई माह में 15 से 20 तारीख तक आयोजन किया जाना प्रस्तावित किया। आयोजन समिति 25 से 30 लोगों की संपूर्ण मध्यप्रदेश से गठित किए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया गया। बैठक में डॉ. बलबहादुर सिंह, अरविंद सिंह कुकावली, विक्रम सिंह औन्डेर, ठा.विनीत सिंह दांगी, हेम सिंह दांगी, तुलसीराम कराखेड़ी, महाराज सिंह, रघुवीर सिंह सिरोंज, खूबसिंह इकोदिया, कलावती दांगी, रीता दांगी, सुशीला दांगी, संजय दांगी, रामराज सिंह दांगी, अभिषेक दांगी, सीताराम दांगी आदि उपस्थित रहे।



### ग्रामीणों ने की थी 22 यूकेलिप्टस पेड़ काटने की मांग, नहीं हुई कोई सुनवाई

# शिक्षक की मौत के 9 महीने बाद भी नहीं जागा प्रशासन, अब तक नहीं कटे 30 साल पुराने पेड़

◆ *कभी भी हो सकता है गंभीर हादसा, प्रशासन नहीं दे रहा कोई ध्यान*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सलामतपुर

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर सिंचाई विभाग कालोनी के सामने 12 जुलाई 2023 को हुए हादसे में एक यूकेलिप्टस का तीस फिट लंबा पेड़ मोटरसाइकिल चलाकर जा रहे शिक्षक मनोज श्रीवास्तव के ऊपर गिर जाने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसा होने के बाद रातातलाई क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से हादसे वाली जगह लगे हुए 22 यूकेलिप्टस के पेड़ काटने की मांग की थी। ग्रामीणों ने बताया था कि सिंचाई विभाग कालोनी में भोपाल विदिशा हाइवे से लगे हुए 22 अन्य यूकेलिप्टस के पेड़ जो लगभग तीस से चालीस साल पुराने होने की वजह से उनकी जड़े सड़ चुकी हैं और इनमें से कई पेड़ हाइवे सड़क की ओर झुक रहे हैं। ये पेड़ कभी भी सड़क पर गिर सकते हैं।

इसलिए इन पेड़ों को काटकर होने वाले हादसे को रोका जा सकता है। लेकिन प्रशासन ने कुछ महीने पहले सिर्फ दो या तीन पेड़ काटकर खानापूर्ति कर दी। जबकि मौके पर अभी भी दर्जनों युकलिप्टस के ऐसे पेड़ मौजूद हैं जिनकी जड़े पूरी तरह से सड़ चुकी हैं और कभी भी यह पेड़ सड़क पर गिरकर गंभीर हादसा कर सकते हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शीघ्र ही उचित कार्रवाई कर यूकेलिप्टस के सड़े हुए पेडों को काटने की मांग की है।



#### पेड़ गिरने से पहले हो चुका हादसा

*सिंचाई विभाग कालोनी के सामने लगे हुए यूकेलिप्टस के पेड़ काफी पुराने हो चुके हैं। और इनकी जड़े सड़ चुकी हैं। इसलिए हादसे वाले दिन ना तो कोई तेज आंधी चली थी और ना ही बारिश हुई थी। फिर भी पेड़ अचानक सड़क की ओर गिरा जिसकी चपेट में आने से शिक्षक की मौत हो गई। वहीं कुछ वर्ष पहले भी कालोनी के सामने ही एक यूक्लिप्टस का पेड़ ट्रक के ऊपर गिर गया था। जिसमें ट्रक चालक और क्लीनर तो बाल बाल बच गए थे। लेकिन ट्रक बुरी तरह से छतिग्रस्त ही गया था और हाइवे पर भी काफी लंबा जाम लग गया था।*

#### रातातलाई के रहवासी भी पुराने पेड़ कटवाने को लेकर कलेक्टर को दे चुके हैं आवेदन

*सांची जनपद के ग्राम रातातालाई के रहवासियों ने भी पुराने यूकेलिप्टस के ऐसे पेड़ जिनकी जड़े सड़ चुकी हैं और यह पेड़ कभी भी गिरकर स्थानीय रहवासियों की जान के लिए खतरा बन सकते हैं। उनको कटवाने की मांग की है।रहवासियों रंजीत मेहरा, कपिल साहू, गुलाब सिंह मीणा, नीतेश रायकवार, वाजिद मंसूरी, विनेश रायकवार और गणेशराम शाक्या ने इनको कटवाने की मांग को लेकर एक आवेदन रायसेन कलेक्टर को दिया था। जिसकी अभी तक सुनवाई नही हुई है। कपिल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि रातातलाई ग्राम पंचायत के गल्ला मंडी रोड पर स्थित पीएचई विभाग के पंप हाउस और उसी के पास स्थित पोस्ट ऑफिस में कई साल पुराने और तीस से चालीस फिट लंबे यूकेलिप्टस के लगभग आधा दर्जन पेड़ हैं। जिनकी डालें भी हमारे घरों पर आती हैं और पेड़ कई साल पुराने हो गए हैं इनकी जड़ें भी सड़ चुकी हैं। जिससे इनके कभी भी बारिश और हवा में गिरने का खतरा बना रहता है। इसलिए इन पेड़ों को कटवाया जाए ताकि कोई जनहानि ना हो सके। कुछ माह पूर्व शिक्षक के ऊपर पेड़ गिरने की घटना में मौत को देखते हुए रातातलाई के ग्रामवासी डरे हुए हैं। की हमारे घर के पास स्थित पीएचई विभाग और पोस्ट ऑफिस में भी कई वर्ष पुराने यूकेलिप्टस के पेड़ खड़े हुए हैं जिनकी जड़े सड़ कर खराब हो चुकी हैं और यह पेड़ बारिश में कभी भी गिर सकते हैं।*

#### हादसे का शिकार हो चुके शिक्षक मनोज श्रीवास्तव

यूकेलिप्टस के पेड़ ऊपर गिरने से जिस शिक्षक मनोज श्रीवास्तव निवासी निवासी मुखर्जी नगर विदिशा की मौत बारह जुलाई 23 को हुई थी। वह घटना वाले दिन सलामतपुर संकुल केंद्र अपनी टीवीएस मोटरसाइकिल एमपी 40 एमपी 1192 से जा रहे थे। उनके पीछे भी शिक्षक राजेन्द्र रघुवंशी निवासी दुर्गानगर विदिशा बैठे थे। तभी रास्ते में उनके ऊपर एक तीस साल पुराना यूकेलिप्टस का पेड़ अचानक गिर गया। जिससे शिक्षक मनोज श्रीवास्तव की मौके पर ही मौत हो गई और राजेंद्र रघुवंशी को गंभीर हालत में विदिशा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

#### गुजरते हैं 10 हजार वाहन

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 से दिन भर में लगभग 10 हजार छोटे बड़े वाहन निकलते हैं। जो यूपी, दिल्ली, मुम्बई, गुजरात, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में जाते हैं। यहां से बड़े बड़े ट्राले और ट्रक क्षमता से अधिक माल लेकर सड़क से निकलते हैं।

वहीं कुछ बड़े भारी वाहन भी यहां से गुजरते हैं। जो 30 साल पुराने युकलिप्टस के पेड़ों जिनकी जड़ें सड़ चुकी हैं के सामने से ही होते हुए जाते हैं। जो कभी भी बड़े हादसे का शिकार हो सकते हैं। क्योंकि ये पेड़ सड़क की ओर ही झुक रहे हैं।

#### हुआ था बड़ा हादसा

*भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे से लगे हुए सिचाई विभाग कालोनी के सामने 9 महीने पहले बड़ा हादसा हो गया था, जिसमें बाइक चलाकर जा रहे एक शिक्षक के ऊपर यूकेलिप्टस का पेड़ गिरने से शिक्षक की मौत हो गई थी और पीछे बैठे दूसरे शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हादसे के बाद से ही स्थानीय ग्रामीण डरे हुए हैं। क्योंकि हादसे वाली जगह अभी भी 22 यूकेलिप्टस के ऐसे पेड़ लगे हुए हैं जिनकी जड़े सड़ चुकी हैं और यह पेड़ हाइवे सड़क के ऊपर झुक रहे हैं। जिनकी वजह से कभी भी फिर से गंभीर हादसा होने की आशंका है। इसलिए इन पेड़ों को काटा जाए ताकि फिर ऐसा हादसा ना होने पाए।*

*- रघुवीर सिंह मीणा, सरपंच ग्रा.पं. रातातलाई।*

*9 महीने पहले शिक्षक मनोज श्रीवास्तव के ऊपर पेड़ गिरने से उनकी मृत्यु हो गई थी। अभी भी काफी पुराने पेड़ घटना वाली जगह पर मौजूद हैं जो सड़क की तरफ झुक रहे हैं। सिचाई विभाग कालोनी में भी कई परिवार निवास कर रहे हैं। वहीं हाइवे पर भी यातायात का अधिक दवाब रहता है। आने वाले समय में फिर से कोई जनहानि ना हो इसलिए प्रशासन इन पेड़ों को काटने की अनुमति दे ताकि क्षेत्र व बाहर के लोगों का जीवन सुरक्षित हो सके।*

*- विजय चौकसे, भाजपा नेता सलामतपुर।*

### 7 दिन पुराना बताया जा रहा है शव

## नागिन मोड़ के पास मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

जिले के थाना सुल्तानपुर में नागिन मोड पीपलवाली के पास भोपाल-बरेली हाईवे से 10 मीटर की दूरी रविवार को करीब 5 से 7 दिन पुरानी एक अज्ञात युवक की लाश मिली है। जिसकी उम्र करीब 35 से 40 वर्ष है। डेड बॉडी डिकंपोज है। सुल्तानपुर थाना प्रभारी रंजीत सराठे ने बताया मृतक लाल, पीला, हरा रंग के बड़े चेक वाली शर्ट पहने हैं एवं कला जींस पहने हुए है। मृतक के बाएं कान में पीले रंग की बाली पहनी है। किसी थाने में गुम इंसान पंजी बद्ध हुआ हो तो मृतक के कपड़ों एवं हुलिया से मिलान कर थाना सुल्तानपुर में अवगत कराएं।

## 44 गांवों की 246 लाइसेंसी बंदूकें थाने में हुई जमा

### चुनाव के चलते शस्त्र हुए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सलामतपुर।

लोकसभा आम निर्वाचन के कार्यक्रम की घोषणा होते ही चुनाव आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। इसी के मद्देनजर कानून एवं व्यवस्था की दृष्टि से निर्वाचन कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा रायसेन जिले के सभी नगरीय क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र एवं समस्त थाना क्षेत्रों के तहत उन सभी क्षेत्र की सीमाओं में जहां चुनाव प्रक्रिया में जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आग्नेयास्त्रों के दुरूपयोग को रोकने की दृष्टि से आर्म्स एक्ट 1959 की धारा-17 की उपधारा-3 के अंतर्गत जिले में निवासरत ऐसे लायसेंस धारियों को प्रदाय शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभाव से निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने की अवधि तक के लिए निलंबित किए गए हैं। शस्त्र लाइसेंस निलंबित होने ही सलामतपुर थाने में बंदूके जमा होना शुरू हो गई हैं। वहीं पुलिस ने बताया है कि थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले लाइसेंसी शस्त्र समय सीमा में पूर्ण रूप से जमा करा लिए गए हैं।



थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग 44 गांव आते हैं। जिनमें 246 शस्त्र लाइसेंस जारी किए गए हैं। वहीं थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया शस्त्र लाइसेंस निलंबित होते ही बन्दूकें तत्काल जमा कराना शुरू कर दिया हथा। कुछ दिन पूर्व ही लगभग 246 बंदूकें थाने में जमा हो चुकी हैं।

### खबर संक्षेप

#### 12 अप्रैल से जमा होंगे नाम निर्देशन पत्र

**रायसेन।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 कार्यक्रम अनुसार संसदीय क्षेत्र-18 विदिशा के निर्वाचन हेतु 12 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। नाम निर्वाचन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल है तथा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 20 अप्रैल को की जाएगी। अभ्यर्थिता वापिस लेने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के निर्वाचन हेतु मतदान 07 मई 2024 को होगा तथा मतगणना 04 जून को की जाएगी। संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के लिए नाम निर्देशन पत्र कलेक्ट्रेट कार्यालय रायसेन में प्राप्त किए जाएंगे।

#### प्रचार में अभ्यर्थी 95 लाख कर सकेंगे खर्च

**रायसेन।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए अभ्यर्थी के लिए चुनाव प्रचार व्यय की सीमा 95 लाख रूपये निर्धारित की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि इसके लिये अभ्यर्थी को बैंक में एक पृथक खाता खोलना आवश्यक है। रिटर्निंग अधिकारी से प्राप्त निर्वाचन व्यय रजिस्टर में सभी दैनिक व्यय लेखा का रख रखाव करना होगा। सभी पोस्टर, बैनर, पम्प्लेट, चाहे वे नाम निर्देशन के पहले मुद्रित/प्रकाशित किए गए हो, परंतु नाम निर्देशन के बाद उपयोग/प्रदर्शित किए जा रहे हों, यह सभी अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जुड़ेंगे।

#### उम्मीदवार को देनी होगी आपराधिक जानकारी

**रायसेन।** लोकसभा निर्वाचन में प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा 4 फॉर्म भरे जा सकते हैं। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र में एक शपथ पत्र भी देना होगा। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर 24 घंटे में प्रदर्शित किए जाएंगे। शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी भी देनी होगी, जिससे मतदाता ऐसे उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में जान सकें। साथ ही राजनीतिक दलों को समाचार पत्र एवं चैनल में आपराधिक प्रकरण वाले उम्मीदवार के चयन का आधार बताते हुए 3 अलग-अलग तारीखों में उद्घोषणा भी प्रकाशित करानी होगी।

## गरीब बेसहारा वर्ग की लाठी का सहारा बनें कांग्रेसीः प्रताप भानु

### निष्ठा समर्पण विकास की प्रतिमूर्ति है दादा- पूर्व विधायक पटेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बाड़ी

नगर के सीता स्वयंवर गार्डन में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में लोकसभा सीट विदिशा के प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा ने कार्यकर्ताओं के महाकुंभ में कहा जो सांसद है 18 वर्ष तक प्रदेश का मुख्यमंत्री रहा क्या विकास हुआ रेलवे की पटरी से लेकर रेलवे स्टेशन का कितना विकास और विस्तार हुआ सब कुछ सामने है।

एक दशक तक विदिशा का सांसद रहा हमने विदिशा में विकास चिंतन की पाठशाला से किया हर समस्या एक गंभीर समस्या थी आज समस्याएं सड़क पर पड़ी है। कोई देखने वाला नहीं बातों से विकास की गठरी तैयार की जा रही रही है। भाजपा की गारंटी को हवा हवाई है।

पूर्व विधायक राजेश पटेल ने कहा कि प्रतापभानु शर्मा (दादा) शब्द से संबोधित करते हुए कहा आज नेता होना कोई बड़ी बात नहीं लेकिन दादा जैसा कर्तव्य निष्ठा समर्पण और विकास पुरुष विदिशा संसदीय क्षेत्र की एक धरोहर के रूप में उनके विकास की कथाएं आज सुनी और सुनाई जाती है। श्री पटेल ने भाजपा के शासन काल में हर वर्ग परेशान है प्रेम-भाईचारे की मिसाल रही विदिशा भोजपुर के दिलों में नफरत फैला रही है हमें भाजपा के षड्यंत्र से बचना होगा और उसका डटकर मुकाबला करना होगा।




इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक राजेश पटेल, जिला अध्यक्ष मुमताज खान, अनुमा अचार्य, अरुणा शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र मिश्रा, इरफान दुर्रानी, ब्लॉक अध्यक्ष मनीष ठाकुर, संतोष जैन, जगेश्वर बैरागी, भगवानदास चौहान, इमदाद अली, दीपक तेकाम, शोबी खान, जसवंत मालवीय, नगर कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष बब्लू खान, आकाश पचौरी, सुनील पस्टारिया, दीपक यादव, मुकुल यादव, शत्रुगन शर्मा एवं आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन राममोहन शर्मा द्वारा किया गया एवं अध्यक्ष मनीष ठाकुर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### मामला भाईदूज का, फरियादियों की नहीं हो रही सुनवाई

## गाड़ी में बैल न चढ़वाने पर गुस्साए युवक ने किया जानलेवा हमला, पिता-पुत्र गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

होली पर्व के एक दिन बाद आने वाले पर्व भाईदूज पर गैरतगंज तहसील के ग्राम अगरिया खुर्द में युवक 30 वर्षीय शिवराज सिंह पिता हरप्रसाद कुशवाह निवासी अगरिया खुर्द द्वारा गाड़ी में बैल को चढ़ाया जा रहा था, उसी समय पास में खड़े युवक को सहायता के लिए बुलाया, उसने यह कहकर मना कर दिया कि बैल बहुत भारी है, वह गाड़ी में नहीं चढ़ पाएगा। इसी बात पर नाराज होकर युवक शिवराज ने गाली गालौच शुरू कर दी और युवक के साथ ही उसके पिता से अभद्र व्यवहार करते हुए मारने की धमकी देकर चला गया।

कुछ समय बाद ही शिवराज सिंह ने अपने साथी सेवक कुशवाह, माधो कुशवाह, नेतम कुशवाह के साथ फरियादी के घर पहुंचकर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया। घर पर मौजूद 28 वर्षीय मोहन सिंह कुशवाह पर धारदार हथियार से हमला किया, जिससे मोहन को सिर में गंभीर चौटे आई, पुत्र को बचाने आगे पिता 47 बर्षीय दिलीप सिंह कुशवाह पर भी हमला किया, जिसमें सिर तथा हाथ पैर में भी गंभीर चौटे आई तथा सिर में 5 टांके आए।





घायल मोहन सिंह के भाई धनराज कुशवाह एवं दिनेश कुशवाह बचाव करने आगे आए तब जाकर आरोपी मौके से भाग खड़े हुए। हमले में घायल पिता-पुत्र को गैरतगंज अस्पताल ले जाया गया, उनकी स्थिति गंभीर होने पर उनको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

फरियादियों ने बताया कि हमारे द्वारा थाना गैरतगंज में आरोपियों की शिकायत दर्ज की गई, लेकिन आरोपी के विरुद्ध मामूली धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया तथा अभी तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। थाना प्रभारी द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर हमारे द्वारा कलेक्टर तथा एसपी महोदय से भी

#### इनका कहना है

मामला दर्ज कर लिया गया है, मेडिकल रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- **महेश टांडेकर,** थाना प्रभारी गैरतगंज

#### आरोपियों की अभी तक नहीं हुई गिरफ्तारी

फरियादियों ने बताया कि हमारे द्वारा थाना गैरतगंज में आरोपियों की शिकायत दर्ज की गई, लेकिन आरोपी के विरुद्ध मामूली धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया तथा अभी तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। थाना प्रभारी द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर हमारे द्वारा कलेक्टर तथा एसपी महोदय से भी कार्रवाई कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई है।

कार्रवाई कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई है।

## बच्चों की बौद्धिक क्षमता को मिलेगा बल, लाइब्रेरी का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बाड़ी

2 अक्टूबर 1952 में आदिवासी सेवा संघ की स्थापना के बाद शिक्षा संस्कार छत के नीचे एक छोटा सा पौधा आज विशाल वृक्ष के रूप में आप और हमारे सामने है आदिवासियों के बच्चों को उनकी संस्कृति और परंपरा को विस्तार देने के लिए संस्था ने हर संभव प्रयास किए गए और आज उन प्रयासों के दम पर आदिवासी संस्कृति और परंपरा का डंका संपूर्ण रायसेन जिले में बज रहा है राष्ट्रीय त्योहार पर आदिवासी संस्कृति की कलात्मक कला की प्रस्तुति की बात हो और आदिवासी सेवा संघ बाड़ी का नाम न आए ऐसा हो ही नहीं सकता।

आज आदिवासी सेवा संघ की संस्कार की फलदाई बेला में एक वृक्ष में एक फल और लगा दिया गया है। जिससे बच्चों की बौद्धिक क्षमता में बेहतर विकास की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता आज 8 अप्रैल दिन सोमवार को 11 बजे आदिवासी सेवा संघ की पाठशाला में लाइब्रेरी का शुभारंभ होगा लाइब्रेरी की स्थापना का उद्देश्य बच्चों को वास्तविकता के दर्शन करना है।

#### मतदाताओं ने लिया नैतिक मतदान का संकल्प

**रायसेन।** जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदान हो, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम जनकपुर, पिपलियो गोली, सुल्तानपुरखेडा सहित अन्य ग्रामों में स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा घर-घर जाकर महिलाओं को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित कर नैतिक मतदान का संकल्प दिलाया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में नगरीय निकायों के साथ ही गॉव-गॉव में भी स्वीप प्लान के तहत रैली, दीवार लेखन, मेहंदी, रंगोली आदि गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## 951 फिट लंबी चुनरी माता रानी को करेंगे अर्पित

### 13 अप्रैल को निकाली जाएगी चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिलवानी

चैत्र नवरात्रि के मौके पर स्टेट हाईवे 15 पर स्थित सियरमऊ ग्राम में चुनरी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। चुनरी यात्रा को लेकर आयोजक समिति के द्वारा बैठक आयोजित की जाकर कार्यक्रम की रुप रेखा तय की गई तथा सदस्यो को जिम्मेदारी सौंपी गई। ताकि कार्यक्रम बगैर किसी व्यावधान के संपन्न हो सके। सियरमऊ ग्राम में सांईराम समिति के द्वारा बीते 8 सालो से चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। चुनरी यात्रा का यह नवम वर्ष है। सांईराम समिति के अध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र प्रताप शाह ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के मौके पर 13 अप्रैल शनिवार को ग्राम में चुनरी यात्रा निकाली जाकर खेड़ापति माता के चरणो में 951 फिट लंबी चुनरी अर्पित की जाएगी। चुनरी यात्रा का आगाज बस स्टेण्ड स्थित हनुमान मंदिर से किया जाएगा, जो ग्राम की सड़को, गलियो से निकल कर खेर माता मंदिर पुराना खेड़ा पहुंचेगी जहां कि खेड़ापति माता को 951 फिट लंबी चुनरी अर्पित कर देश दुनिया की सुख व समृद्वि की कामना की जाएगी। आयोजक समिति ने श्रद्धालुओ से बड़ी संख्या में चुनरी यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है। ज्ञात रहे कि 9 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहे चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर माता रानी के भक्तो में उत्साह देखा जा रहा है।

### जल संरक्षण जागरुकता को लेकर चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

## जल ही जीवन है, जल नहीं तो जीवन नहींः राजेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिलवानी

जल तथा पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की महती आवश्यकता है, जल का संरक्षण किए जाने के साथ ही लगातार प्रदूषित हो रहे पर्यावरण का संरक्षण किया जाना नितांत आवश्यक है। आवश्यकता इस बात की है कि प्रत्येक व्यक्ति देश व समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वाहण कर जल व पर्यावरण का सरंक्षण किया जाना ना केवल अपनी जिम्मेदारी समझे बल्कि नव निर्माण में अपना योगदान भी दे।

यह उद्गार प्रांतीय संयोजक पर्यावरण विभाग व मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह ठाकुर ने एक कार्यक्रम में व्यक्त किए। विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के द्वारा मार्ग दर्शित भोजपुर ग्राम भारती शिक्षा समिति रायसेन के द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिरो में जल व पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत घर का पानी घर में, खेत का पानी खेत में, गांव का पानी गांव में ही रोके जाने को लेकर स्कूली बच्चो को जागरुक किया जा रहा है ताकि वह अपने परिजनो व नागरिको को जागरुक कर सके।



#### पानी के लिए भटकना पड़ेगा

श्री ठाकुर ने बताया कि पानी रोके जाने से जल स्तर बढ़ता है बल्कि वर्ष भर की पानी की समस्या नही आती है। यदि पानी का लगातार दोहण किया जाता रहा तो वह दिन दूर नही जब पानी के लिए भटकना पड़ेगा। नागरिक पानी का उचित उपयोग करे। ताकि आने वाली पीढ़ी को पानी के लिए तरसना ना पड़े। जल ही जीवन है, जल नही तो सार्थक जीवन नही, हम जल नही बना सकते लेकिन पानी को संरक्षित कर उसे बचा सकते है। ग्रामों में तालाबो का निर्माण हो, नदी, नालो में पानी रोकने को लेकर बोरी बंधान का कार्य भी आवष्यकता के अनुसार किया जा सकता है। तालाबो का निर्माण व बोरी बंधान किए जाने से जल स्तर बढ़ता है। उन्होने लगातार प्रदूषित हो रहे पर्यावरण का सरंक्षण व संबर्धन किए जाने को लेकर भी बेबाकी से अपनी बात स्पष्ट की तथा प्रदूषित पर्यावरण को संरक्षित किए जाने के टिप्स भी बताए।